समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Saturday, 19 September 2026


# ‘देश पहले, बाकी सब बाद मे’... लोकमान्य तिलक नेशनल अवॉर्ड लेने के बाद युवाओं को अजीत डोभाल का बड़ा संदेश

Sanket Morankar

Published on 01 Aug 2026




राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (NSA) **अजीत डोभाल** ने लोकमान्य तिलक नेशनल अवॉर्ड 2026 प्राप्त करने के बाद देश के युवाओं से राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि **“देश पहले, बाकी सब बाद मे”** की भावना अपनाकर ही विकसित भारत का सपना साकार किया जा सकता है।

युवाओं से राष्ट्रसेवा का संकल्प लेने की अपील

पुणे में आयोजित सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए डोभाल ने कहा कि युवा पीढ़ी को अपने व्यक्तिगत और अल्पकालिक हितों से ऊपर उठकर राष्ट्रहित में कार्य करने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का निर्माण तभी संभव होगा, जब हर नागरिक इसे अपना व्यक्तिगत दायित्व समझे।

उन्होंने कहा कि भारत के पास वैश्विक स्तर पर नई दिशा तय करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है और इस अवसर को किसी भी कीमत पर गंवाया नहीं जाना चाहिए।

कर्तव्य और त्याग की भावना पर दिया जोर

अजीत डोभाल ने कहा कि सच्चा राष्ट्रनिर्माण केवल अधिकारों की मांग से नहीं, बल्कि **कर्तव्य, अनुशासन और त्याग** की भावना से होता है। उन्होंने युवाओं से राष्ट्रसेवा को जीवन का उद्देश्य बनाने और देश के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की।

अमित शाह ने किया सम्मानित

इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री **अमित शाह** ने अजीत डोभाल को **लोकमान्य तिलक नेशनल अवॉर्ड 2026** से सम्मानित किया। यह पुरस्कार लोकमान्य तिलक स्मारक ट्रस्ट द्वारा राष्ट्र निर्माण और राष्ट्रीय सुरक्षा में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया जाता

है।

प्रधानमंत्री और सरकार के नेतृत्व की सराहना

अपने संबोधन में डोभाल ने प्रधानमंत्री **नरेंद्र मोदी** और गृह मंत्री **अमित शाह** के नेतृत्व की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि वर्तमान नेतृत्व में देश सही दिशा में आगे बढ़ रहा है और विकसित भारत के लक्ष्य की ओर तेज़ी से अग्रसर है।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Sanket Morankar, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.